प्रभात प्रकाशन का 73वां साल
स्थापित 1944
प्रभात
सीधी बात-सच्ची बात
प्रभात
लखनऊ, गुरुवार, 22 जून 2017

जन कल्याण समिति, गोमती नगर में योग शिविर का आयोजन

लखनऊ। जन कल्याण समिति के तत्वाधान में निर्मित विराम खण्ड-5 योग केन्द्र में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (जून 21) के अवसर पर एक योग शिविर का आयोजन प्रातः 6.30 से 7.30 बजे तक वसन्ती पार्क में हुआ। योग केन्द्र पर डा0 भरत राज सिंह ने बताया कि किस प्रकार पतंजलि योग सूत्र में आज से लगभग 3500 पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को परिभाषित करते हुए बताया कि योगश्चित्तवृत्ति निरोधः अर्थात् चित्त की वृत्तियों के निरोध को योग कहते है। उन्होंने बताया कि गीता में योगेश्वर श्री कृष्ण ने योग को हमारे जीवन की श्वास बताते हुए कहा कि योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात् योग से हमारे कर्मो में कुशलता आती है उन्होंने भारत के छः दर्शनों में योग दर्शन का महत्व भी बताया। इस अवसर पर पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो0 भरत राज सिंह, सेवा निवृत्ति जनरल मैनेजर आर0एस0 मिश्रा (सचिव) व सेवा निवृत्ति डी0जी0पी0 जी0 एन0 सिन्हा (अध्यक्ष) एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।